# माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश, भोपाल

ई-मेल : mpbse@mp.nic.in वेब साइट : www.mpbse.nic.in

कार्या.– (0755) 2551650, 2761567 फैक्स – (0755) 2551499, 2552061


क्रमांक/823 /परीक्षा समन्वय/2013 भोपाल दिनांक 06/05/2013

## //आदेश//

मण्डल द्वारा संचालित वर्ष 2013 की डिप्लोमा इन एज्यूकेशन परीक्षा नियमित/पत्राचार परीक्षा प्रथम/द्वितीय वर्ष के परीक्षार्थियों की परीक्षा हेतु पूर्व में जारी परीक्षा कार्यक्रम दिनांक 03 जून से 17 जून 2013 तक को निरस्त करते हुए नवीन संशोधित परीक्षा कार्यक्रम निम्नानुसार घोषित किया जा रहा है। अब मुख्य परीक्षा 2013 के साथ ही वर्ष 2012 की मुख्य परीक्षा में अनुत्तीर्ण छात्र **द्वितीय अवसर** की परीक्षा भी सम्मिलित होगें। संशोधित परीक्षा कार्यक्रम निम्नानुसार है:–

### प्रथम वर्ष परीक्षा (मुख्य एवं द्वितीय अवसर)

| समय अपरांह 2.00 से 5.00 | | TIME : Afternoon 2.00 pm to 5.00 pm | | |
|---|---|---|---|---|
| प्रथम प्रश्न पत्र | द्वितीय प्रश्न पत्र | तृतीय प्रश्न पत्र | चतुर्थ प्रश्न पत्र | पंचम प्रश्न पत्र |
| सोमवार 08/07/2013 | बुधवार 10/07/2013 | शुक्रवार 12/07/2013 | सोमवार 15/07/2013 | बुधवार 17/07/2013 |
| भारतीय समाज में शिक्षा | बाल विकास (पोषण,स्वास्थ्य, शारीरिक शिक्षा, योग एवं नैतिक विकास) | विद्यालय प्रबंध एवं नियोजन | हिन्दी भाषा एवं उसका शिक्षण | गणित एवं उसका शिक्षण |

### द्वितीय वर्ष परीक्षा (मुख्य एवं द्वितीय अवसर)

| समय अपरांह 2.00 से 5.00 | | TIME : Afternoon 2.00 pm to 5.00 pm | | |
|---|---|---|---|---|
| छठवां प्रश्न पत्र | सातवां प्रश्न पत्र | आठवां प्रश्न पत्र | नौवां प्रश्न पत्र | दसवां प्रश्न पत्र |
| मंगलवार 09/07/2013 | गुरूवार 11/07/2013 | शनिवार 13/07/2013 | मंगलवार 16/07/2013 | गुरूवार 18/07/2013 |
| शिक्षा मनोविज्ञान | शैक्षिक प्रौद्योगिक एवं अनुसंधान | अंग्रेजी भाषा एवं उसका शिक्षण | सामाजिक विज्ञान एवं उसका शिक्षण | विज्ञान तथा पर्यावरणीय शिक्षा एवं उसका शिक्षण |

**प्रथम/द्वितीय वर्ष नियमित/पत्राचार (द्वितीय वर्ष) के परीक्षार्थी डी एड मुख्य परीक्षा वर्ष 2013 के लिए एवं डी एड मुख्य परीक्षा वर्ष 2012 में अनुत्तीर्ण हुए परीक्षार्थी द्वितीय अवसर के परीक्षा आवेदन पत्र एम पी आनलाइन के कियोस्क के माध्यम से दिनांक 11.05.2013 से 25.05.2013 तक भर सकेगें। ऑन लाईन परीक्षा आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया :–**

(1) शासकीय एवं अशासकीय प्रथम वर्ष डी एड संस्थान **M.P. online** के कियोस्क पर जाकर संस्थान के प्राचार्य प्रथम वर्ष नियमित आवेदनों की ऑनलाइन प्रविष्टि करायेगें, तथा द्वितीय वर्ष के परीक्षार्थियों के आवेदन पत्र भरने हेतु प्रथम वर्ष के अनुक्रमांक की प्रविष्टी करने पर छात्र का डाटाबेस प्रस्तुत होगा केवल छात्र की निर्धारित परीक्षा शुल्क भरने मात्र से परीक्षा आवेदन पत्र भरे जा सकेगें। तदोपरांत प्रत्येक आवेदन का प्रिन्ट आउट सादे कागज पर कियोस्क से प्राप्त करेगें। संस्था प्राचार्य ऑन लाईन आवेदनों की प्रविष्टि उपरांत प्राप्त प्रिन्ट में समस्त प्रविष्टियां एवं आवेदक के छायाचित्र की जाच कर लें। यदि नाम, पिता के नाम में स्पेलिंग की त्रृटियां अथवा परीक्षा के विषय, फोटो आदि में कोई त्रृटि हो तो पुनः कियोस्क पर आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि के पूर्व संशोधन कराये। तत्पश्चात किसी प्रकार का संशोधन मान्य नहीं किया जावेगा एवं त्रृटियों का संपूर्ण उत्तरदायित्व संस्था प्राचार्य का होगा। **संस्था प्राचार्य ऑन लाईन आवेदन करते समय ध्यान रखेगें कि छात्र का नाम, पिता का नाम उसी प्रकार अंकित होना चाहिये जिस प्रकार परीक्षार्थी की कक्षा 12वीं की उत्तीर्ण की अंकसूची में अंकित है।**

(2) ऑनलाईन फार्म की प्रविष्टि निकटस्थ एम पी ऑन लाईन के अधिकृत किसी भी कियोस्क पर जाकर निर्धारित शुल्क एवं पोर्टल चार्जेस का नगद भुगतान करते हुए की जा सकती है।

(3) डी एड मुख्य परीक्षा 2013 में नियमित प्रथम वर्ष की परीक्षा हेतु **NCTE** से मान्यता तथा मण्डल से संबद्धता प्राप्त संस्थान के वे ही छात्र आवेदन कर सकेगे जिनको 31 जुलाई 2012 तक प्रवेश दिया गया था। प्रथम/द्वितीय वर्ष के नियमित परीक्षार्थी जिनका शिक्षण अभ्यास 210 दिवस तथा 50 दिन की इटर्नशिप पूर्ण की है। अर्थात मण्डल के विनियम अनुसार छात्र की 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य रूप से पूर्ण हो।

(4) वर्ष 2012 की मुख्य परीक्षा में प्रथम वर्ष के जो छात्र अनुत्तीर्ण घोषित हुए है, वे द्वितीय अवसर का आवेदन एवं द्वितीय वर्ष के आवदेन पत्र एक साथ भर कर मुख्य परीक्षा वर्ष 2013 में सम्मिलित हो सकेगें। ऐसे छात्रों के द्वितीय वर्ष मुख्य परीक्षा वर्ष 2013 का परीक्षा परिणाम, प्रथम वर्ष की परीक्षा उत्तीर्ण करने पर घोषित किया जावेगा। प्रथम वर्ष में यदि छात्र अनुत्तीर्ण घोषित होता है तो द्वितीय वर्ष की परीक्षा पात्रता के अभाव में निरस्त की जावेगी।

(5) वर्ष 2012 की मुख्य परीक्षा में द्वितीय वर्ष के जो छात्र अनुत्तीर्ण घोषित हुए है, ऐसे छात्र वर्ष 2013 की मुख्य परीक्षा में द्वितीय अवसर का आवेदन भरकर परीक्षा में सम्मिलित हो सकेगें।

(6) समस्त आवदन पत्रा का प्रविष्टी उपरात संस्था प्राचार्य कियोस्क से शुल्क एवं आवेदनों की पावती प्राप्त करें एवं आवेदन के साथ पात्रता संबंधी अभिलेख संलग्न करते हुए **समस्त आवेदन पत्र दिनांक 30.05.2013 तक संबंधित संभागीय कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेगें। संभागीय अधिकारी प्राप्त डाक्यूमेंट की स्क्रुटिनी कर अपात्र छात्रों की सूची दिनांक 20.06.2013 तक मुख्यालय को प्रस्तुत करेगें।**

(7) डी एड प्रथम वर्ष के म.प्र. के बाहर के नियमित परीक्षार्थियों के आनलाइन आवेदन भरने के पूर्व संस्था प्राचार्य समस्त छात्रों की ग्रहायता संबंधी कार्यवाही कर संभागीय कार्यालय में ग्रहायता आवेदन शुल्क सहित दिनांक 15.05.2013 तक जमा करगें। संभागीय अधिकारी ग्राहयता संबंधी डाक्यूमेंट की स्क्रुटिनी कर पात्र परीक्षार्थियों को ग्राहयता प्रादान करेगें। ग्राहयता प्रदान करने के उपरांत पात्र/अपात्र की सूची मण्डल मुख्यालय को दिनांक 30.05.2013 तक अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करेगें। जिन छात्रों को अपात्र किया गया है उन छात्रों के परीक्षा आवेदन पत्र अमान्य किये जावेगें।

(8) डी एड प्रथम वर्ष के नियमित समस्त छात्रों को मण्डल से नामांकन कराया जाना अनिवार्य होगा। छात्र का परीक्षा आवेदन पत्र आनलाइन भरते समय छात्रों की परीक्षा शुल्क के साथ नामांकन की शुल्क 80/- रूपये भी जमा करेगे। छात्रों को नामांकन हेतु पृथक से नामांकन कार्ड प्रदाय नहीं किये जाएगें। नामांकन क्रमांक अंकसूची में निर्धारित स्थान में प्रविष्ट कर प्रदाय की जावेगी।

(9) आवेदन पत्र की प्रविष्टि करते समय **विषयों का चयन नवीन पाठ्यक्रमानुसार** ही किया जाये।

(10) संस्था प्रमुख सुनिश्चित करेंगें कि नियमित प्रशिक्षार्थियों की उपस्थिति 75 प्रतिशत होना अनिवार्य है, 75 प्रतिशत से कम उपस्थिति वाले परीक्षार्थियों को आवेदन करने की पात्रता नहीं होगी। फार्म में छात्र की उपस्थिति का प्रतिशत भी अंकित किया जाऐगा। **इस विषय में मण्डल विनियम में उल्लेखित कण्डिका 203, 208, 209 एवं 210 के अनुसार नियमित छात्रों की उपस्थिति विषयक प्रावधान लागू होंगें।**

(11) **संबद्वता प्राप्त अशासकीय डी एड संस्थान के नियमित परीक्षार्थी आवेदन पत्र एम पी ऑन लाईन** के कियोस्क के माध्यम से संस्था प्राचार्य द्वारा स्वयं प्रविष्ट कराये जायें किसी भी स्थिति में छात्र को कियोस्क पर नहीं भेजा जाए।

(12) डी.एड. पत्राचार प्रथम वर्ष के अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र पूर्व में ही शासकीय डाईट संस्थान से भरकर प्राप्त हुये है। अतः डी एड. पत्राचार प्रथम वर्ष के परीक्षार्थियों को ऑन लाईन आवेदन पत्र भरने की आवश्यकता नहीं है। पत्राचार प्रथम वर्ष में वही छात्र पात्र होंगे, जिन्होने छात्र सम्पर्क कार्यक्रम में नियमानुसार भाग लिया हो।

(13) **डी एड मुख्य परीक्षा वर्ष 2012 में अनुत्तीर्ण छात्र द्वितीय अवसर के परीक्षा आवेदन पत्र भरने हेतु परीक्षा शुल्क रू. 200/- प्रति विषय की दर से निर्धारित दिनांक में जमा करेगें।**

**नियमित/पत्राचार पाठ्यक्रम प्रथम/द्वितीय वर्ष में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों की शुल्क का विवरण**

**नियमित प्रथम/द्वितीय वर्ष (मुख्य परीक्षा)**

| क्र | विवरण | राशि |
|---|---|---|
| 1 | परीक्षा शुल्क<br>नामांकन शुल्क | 500/-<br>80/- |
| 2 | ग्राहयता शुल्क<br>(राज्य के बाहर के परीक्षार्थियों के लिए) | 200/- |

**पत्राचार द्वितीय वर्ष (मुख्य परीक्षा)**

| क्र | विवरण | राशि |
|---|---|---|
| 1 | शिक्षण शुल्क(प्रायोगिक शुल्क सहित) | 796/- |
| 2 | परीक्षा शुल्क | 500/- |
| 3 | अग्रेषण शुल्क | 15/- |

**एम पी ऑन लाईन के सेवा केन्द्र संचालक को शुल्क 20/- रूपये देय होगा।**

(पुष्पलता सिंह)
सचिव
माध्यमिक शिक्षा मण्डल,मध्यप्रदेश, भोपाल

पृष्ठांकन क्रमांक/824 /परीक्षा समन्वय/2013
भोपाल दिनांकः 06 /05/2013

**प्रतिलिपि–**

1. निज सचिव, अध्यक्ष,, माध्यमिक शिक्षा मण्डल,मध्यप्रदेश।
2. निज सचिव, सचिव,, माध्यमिक शिक्षा मण्डल,मध्यप्रदेश।
3. निज सहायक, माननीय स्कूल शिक्षा मंत्री महोदया, मध्यप्रदेश शासन भोपाल।
4. निज सहायक प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन, भोपाल।
5. सचिव, माननीय मुख्य मंत्री जी तथा मिशन समन्वयक राजीव गांधी शिक्षा मिशन भोपाल।
6. आयुक्त, लोक शिक्षण संचालनालय, गौतम नगर भोपाल।
6. आयुक्त, राज्य शिक्षा केन्द्र, पुस्तक भवन, बी-विंग अरेरा हिल्स, भोपाल की ओर सूचनार्थ।
7. आयुक्त आदिवासी विकास सतपुडा भवन मध्यप्रदेश भोपाल।
8. समस्त जिला कलेक्टर मध्यप्रदेश।
9. समस्त ,जिला शिक्षा अधिकारी, मध्यप्रदेश।
10. आंचलिक/समस्त संभागीय अधिकारी, माध्यमिक शिक्षा मण्डल, म.प्र.।
11. समस्त, प्राचार्य, शासकीय/अशासकीय डी एड संस्थान मध्यप्रदेश।
12. सी एस ओ/पंजीयक-डाटा,परीक्षा/ विधि सहा./स.स./क.अ.-गोपनीय,परीक्षा,डी.एड.सेल,
13 जनसम्पर्क अधिकारी माध्यमिक शिक्षा मण्डल की ओर प्रेस विज्ञप्ति जारी करने हेतु सूचनार्थ।
14. संचालक, एम पी ऑन लाईन मध्यप्रदेश भोपाल।

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

सचिव
माध्यमिक शिक्षा मण्डल,मध्यप्रदेश,
भोपाल

D:\BSK\samanbav\DED\Ded-1213\latter1213.doc



माशिमंमुभो-28-परीक्षा समन्वय-06.05.2013-1000